

# भारत की झोली में अब तक 12 मेडल

## 34 गोल्ड के साथ टॉप पर ऑस्ट्रेलिया




**नई दिल्ली, 29 जुलाई। कॉमनवेल्थ गेम्स ( सीडब्ल्यूजी ) 2026 में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है. मंगलवार को भारत की झोली में दो सिल्वर मेडल और आए, जबकि तीन मुक्केबाजों ने अपने मेडल पक्के कर लिए हैं. भारत की कुल मेडल की संख्या अब 12 हो चुकी है. हालांकि, मेडल टैली पर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा लगातार बरकरार है.**

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में ऑस्ट्रेलिया अब तक कुल 78 मेडल अपने नाम कर चुका है. इसमें 34 गोल्ड, 17 सिल्वर और 27 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं. ऑस्ट्रेलिया की टक्कर में इस समय कोई नहीं है. कनाडा मेडल टैली में 35 मेडल के साथ दूसरे स्थान पर है. कनाडा ने 13 गोल्ड, 10 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए हैं. इंग्लैंड मेडल टैली में तीसरे स्थान पर मौजूद है. इंग्लैंड ने अब तक कुल 43 मेडल जीते हैं, जिसमें 10 गोल्ड, 18 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज मेडल हैं. मेजबान स्कॉटलैंड फिलहाल चौथे स्थान पर है. स्कॉटलैंड की झोली में अब तक 15 मेडल आए हैं. इसमें 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं. 6 गोल्ड और कुल 11 मेडल के साथ नाइजीरिया मेडल टैली में पांचवें स्थान पर बना हुआ है. वहीं, भारत टॉप 10 में बरकरार है. छठे दिन दो सिल्वर मेडल जीतने के बाद भारत 9वें स्थान पर काबिज है. भारत ने कुल 2 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं.

## जादुमणि, साक्षी और प्रिया ने बढ़ाया भारत का मान

**ग्लासगो, 29 जुलाई.** भारत के जादुमणि सिंह, साक्षी चौधरी और प्रिया घनघस ने राष्ट्रमंडल खेलों के मुक्केबाजी मुकाबलों के सेमीफाइनल में प्रवेश करने के साथ ही देश के लिए पदक पक्के कर दिए हैं. जादुमणि सिंह ने ज़ाम्बिया के म्वेंगो म्वाले की आक्रामक शुरुआत का सामना करते हुए 5-0 से शानदार जीत हासिल की और पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग के सेमीफ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की. भारतीय मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए एक और पदक पक्का कर लिया है.

## गुलवीर ने 10,000 मीटर दौड़ में मारी बाजी




**भारत के स्टार लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पुरुष 10,000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीत लिया. इसके साथ ही वह इस स्पर्धा में पदक जीतने वाले भारत के पहले एथलीट बन गए.**

स्कॉटलैंड के ग्लास्गो स्थित स्कॉट्सटाउन स्टेडियम में लगातार बारिश के बीच आयोजित इस मुकाबले में गुलवीर ने 27 मिनट 49.78 सेकंड का समय निकाला. ऑस्ट्रेलिया के काई रॉबिन्सन ने 27 मिनट 48.93 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि आइल ऑफ मैन के डेविड मुल्लार्की ने कांस्य पदक अपने नाम किया. 25 लैप की इस कठिन दौड़ में गुलवीर ने शुरुआत से ही शीर्ष धावकों के साथ अपनी जगह बनाए रखी. शुरुआती चरण में उन्होंने संतुलित गति अपनाई और 3,000 मीटर तक मजबूत स्थिति में बने रहे. बीच के चरण में कुछ स्थान पीछे खिसकने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी. अंतिम लैप शुरू होने से पहले वह तीसरे स्थान पर थे, लेकिन आखिरी क्षणों में शानदार तेजी दिखाते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गए और भारत के लिए ऐतिहासिक रजत पदक सुनिश्चित कर दिया.

## नटराज ने बढ़ाई भारत की पदक उम्मीदें



कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैराकी प्रतियोगिता में भारत के लिए श्रीहरि नटराज ने पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं. दो बार के ओलंपियन नटराज ने पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली, जबकि अनुभवी तैराक साजन प्रकाश पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में क्वालिफाई करने में नाकाम रहे और उनका अभियान समाप्त हो गया. पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक हीट में श्रीहरि नटराज ने 55.58 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में पांचवां और कुल मिलाकर 13वां स्थान हासिल किया. इस प्रदर्शन के साथ वह सबसे तेज 16 तैराकों में शामिल होकर सेमीफाइनल में पहुंच गए. 25 वर्षीय नटराज ने शुरुआती 50 मीटर की दूरी 26.26 सेकंड में पूरी की और 55.58 सेकंड में रेस खत्म की. हालांकि, यह समय उनके 2021 में बनाए गए 53.77 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ से पीछे रहा, लेकिन सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त साबित हुआ. इससे पहले वह भारत की पुरुषों की 4म200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम का भी हिस्सा थे, जिसने फाइनल में छठा स्थान हासिल किया था.

## अनिमेष ने 200 मीटर सेमीफ़ाइनल के लिए किया क्वालिफ़ाई



**ग्लासगो, 29 जुलाई. भारत के अनिमेष कुजूर ने अपनी हीट जीतकर और ओवरऑल स्टैंडिंग में सातवें स्थान पर रहकर राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों के 200 मी सेमीफ़ाइनल के लिए क्वालिफ़ाई किया.**

भारतीय नेशनल रिकॉर्ड होल्डर ने सीज़न के बेस्ट 20.46 सेकंड के साथ अपनी हीट जीती और अब वह गुरुवार को सेमीफ़ाइनल के लिए ट्रैक पर वापसी करेंगे. अनिमेष कुजूर ने 200 मी हीट जीतने के बाद कहा, मैंने सिर्फ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए खुद को तैयार किया. सेमीफाइनल में, मुझे अपना बेस्ट देना होगा. कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है. उन्होंने आगे कहा, 'यह पहली बार है जब मैं इस ट्रैक पर कदम रख रहा हूं, और यह बहुत अच्छा लगा. और मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं उड़ने वाला हूं. मैं सेमीफाइनल में उड़ने वाला हूं.

## फीफा की निवेश योजना पर यूईएफए सख्त

### विश्व कप बहिष्कार पर यूईएफए करेगा मंथन



**ज्यूरिख, 29 जुलाई. अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ ( फीफा ) की नई निजी निवेश योजना ने विश्व फुटबॉल में बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है. फीफा ने अपनी व्यावसायिक गतिविधियों और भविष्य के पुरुष एवं महिला विश्व कप सहित प्रमुख प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए नवगठित संस्था फीफा फॉरवर्ड एंटरप्राइज के माध्यम से बाहरी निवेशकों से 20 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर पूंजी जुटाने की योजना पेश की है.**

इस प्रस्ताव के तहत अल्पांश हिस्सेदारी बेचकर विकास कार्यक्रमों के लिए धन जुटाने की बात कही गई है. यूईएफए ने इस प्रस्ताव का तीखा विरोध किया है. यूईएफए ने कहा कि फुटबॉल किसी संस्था की निजी संपत्ति नहीं है और इसे बेचने का अधिकार किसी के पास नहीं है. संगठन ने अपने बयान में कहा कि फुटबॉल की आत्मा, उसका संचालन और उसकी विरासत किसी व्यावसायिक सौदे का हिस्सा नहीं बन सकती, विशेषकर तब जब पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठ रहे हों.

### एक नजर में




## वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 90 रन से हराया

**तारोबा, 29 जुलाई।** वेस्टइंडीज ने त्रिनिदाद के तारोबा में खेले गए पहले टेस्ट मुकाबले में पाकिस्तान को 90 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली. चौथे दिन 211 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 40 .2 ओवर में मात्र 120 रन पर सिमट गई. जीत के सबसे बड़े नायक तेज गेंदबाज जेडन सील्स रहे, जिन्होंने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए 35 रन देकर पांच विकेट झटके. उनकी सटीक लाइन-लेंथ और तेज गति के सामने पाकिस्तान के बल्लेबाज लगातार संघर्ष करते नजर आए. सील्स ने शुरुआती झटके देकर पाकिस्तान को दबाव में ला दिया, जिससे टीम पूरे मैच में वापसी नहीं कर सकी.

## नई भूमिका में लौटे रायन टेन डोशेट

**कोलकाता, 29 जुलाई.** कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपनी क्रिकेट संचालन व्यवस्था को नया स्वरूप देते हुए रायन टेन डोशेट को हेड ऑफ क्रिकेट स्ट्रैटेजी नियुक्त किया है. भारतीय क्रिकेट टीम के साथ सहायक कोच के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह उनकी पहली बड़ी नियुक्ति है. मंगलवार को मीडिया रिपोर्टों में उनके राष्ट्रीय टीम से अलग होने की जानकारी सामने आई थी और अब केकेआर ने उन्हें अपनी वैश्विक क्रिकेट परियोजना का अहम हिस्सा बना लिया है. रायन टेन डोशेट के साथ भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी दिलीप का कार्यकाल भी समाप्त हो गया है. इसके बाद टेन डोशेट ने एक बार फिर केकेआर परिवार में वापसी की है. फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि उनका अनुभव टीम के दीर्घकालिक विकास और वैश्विक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. नई जिम्मेदारी के तहत टेन डोशेट केवल कोलकाता नाइट राइडर्स तक सीमित नहीं रहेंगे. वह केकेआर समूह की सभी वैश्विक फ्रेंचाइजियों की क्रिकेट रणनीति तैयार करेंगे. इसके साथ ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान, स्काउटिंग नेटवर्क को मजबूत करना, युवा खिलाड़ियों के विकास की योजना बनाना और अलग-अलग लीगों में टीमों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने पर भी उनका विशेष ध्यान रहेगा. टेन डोशेट का केकेआर से पुराना रिश्ता रहा है. खिलाड़ी और कोच दोनों भूमिकाओं में वह फ्रेंचाइजी की कार्यप्रणाली को करीब से समझते हैं. यही अनुभव उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए मजबूत दावेदार बनाता है.

## शुभदीप भारतीय टीम के नए फील्डिंग कोच होंगे



**नई दिल्ली , 29 जुलाई.** भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने टीम इंडिया के सहयोगी स्टाफ में बदलाव करते हुए असम के पूर्व घरेलू क्रिकेटर शुभदीप घोष को नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है. वह अनुभवी कोच टी दिलीप की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के बाद समाप्त हो गया. बोर्ड ने उनके कार्यकाल को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया और अब शुभदीप घोष को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है. हालांकि इस नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार यह फैसला लगभग तय माना जा रहा है. शुभदीप घोष का पहला असाइनमेंट अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी. इस दौरे से वह भारतीय टीम के साथ आधिकारिक रूप से अपनी नई भूमिका की शुरुआत करेंगे. टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि उनके अनुभव और आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों का लाभ खिलाड़ियों की फील्डिंग क्षमता को और बेहतर बनाने में मिलेगा.

## विश्व कप में बढ़े टीमों की संख्या



**सिडनी, 29 जुलाई. ऑस्ट्रेलिया टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) से 2027 वनडे विश्वकप के लिए टीमों का आकार बढ़ाने की मांग की है.**

इस महीने की शुरुआत में आईसीसी ने नए प्रारूप के साथ टूर्नामेंट का विस्तार करने का फैसला किया था. करीब दो सप्ताह पहले आईसीसी ने घोषणा की थी कि 2027 वनडे विश्व कप 14 टीमों का टूर्नामेंट होगा. इसमें ग्रुप चरण से पहले सुपर सीरीज और सेमीफाइनल से पहले नया सुपर-7 चरण भी होगा. यह 2023 में भारत में खेले गए 10 टीमों वाले वनडे विश्व कप से अलग प्रारूप है. 2023 के विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया ने नौ लीग मैच, एक सेमीफाइनल और एक फाइनल सहित कुल 11 मैच खेले थे. लेकिन 2027 में चैंपियन बनने वाली टीम को कम से कम 13 मैच खेलने होंगे, जिसमें पांच ग्रुप मैच, छह सुपर-7 मुक़ाबले, एक सेमीफाइनल और एक फ़ाइनल शामिल होगा.

## आईपीएल की बिजनेस वैल्यू 20 अरब डॉलर पार

### टीमों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु सबसे कीमती



**नई दिल्ली, 29 जुलाई. इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) ने वर्ष 2026 में कारोबार और ब्रांड वैल्यू के मामले में नया इतिहास रच दिया है.**

अमेरिकी निवेश बैंक हुलिहान लोकी की ओर से जारी 2026 आईपीएल ब्रांड वैल्यूएशन स्टडी के अनुसार, आईपीएल की कुल व्यावसायिक वैल्यू पहली बार 20.6 अरब डॉलर यानी लगभग दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है. यह उपलब्धि दुनिया की सबसे सफल खेल लीगों में आईपीएल की बढ़ती वैश्विक पहचान और आर्थिक ताकत को दर्शाती है.

पिछले दो सत्रों की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ब्रांड वैल्यू के मामले में आईपीएल की सबसे मूल्यवान फ्रेंचाइजी बन गई है. आरसीबी की ब्रांड वैल्यू 312 मिलियन डॉलर यानी करीब तीन हजार करोड़ रुपये आंकी गई है. इसके साथ ही आरसीबी आईपीएल इतिहास की पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसकी ब्रांड वैल्यू 300 मिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गई है.

> टीम की लगातार सफलता, मजबूत प्रशंसक आधार, प्रभावी विपणन रणनीति और व्यावसायिक साझेदारियों ने उसकी ब्रांड ताकत को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है. आईपीएल की लोकप्रियता अब केवल भारत तक सीमित नहीं रही. दुनिया के अनेक देशों में इसकी दर्शक संख्या लगातार बढ़ रही है. प्रसारण अधिकार, डिजिटल मंचों पर रिकॉर्ड दर्शक, प्रायोजन समझौते, टिकट बिक्री, लाइसेंस प्राप्त उत्पादों की मांग और वैश्विक निवेशकों की रुचि ने लीग की आर्थिक स्थिति को और मजबूत बनाया है.

## एशियाई खेलों के लिए पुरुष हॉकी टीम घोषित




**नई दिल्ली, 29 जुलाई. हॉकी इंडिया ने बुधवार को जापान के आइची-नागोया में आयोजित होने वाले 20वें एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी. 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत की अगुआई एक बार फिर स्टार डिफेंडर और ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे.**

अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में शामिल हैं और उनका अनुभव युवा खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा. 20 सदस्यीय भारतीय टीम में गोलकीपिंग की जिम्मेदारी मोहित एचएस और सूरज करकेरा संभालेंगे. रक्षापंक्ति में हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और यशदीप सिवाच जैसे भरोसेमंद खिलाड़ी शामिल हैं. मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, राजिंदर सिंह और राज कुमार पाल टीम को मजबूती देंगे. वहीं आक्रमण की जिम्मेदारी मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, अभिषेक और शिलानंद लाकड़ा के कंधों पर होगी. भारतीय टीम को पूल-ए में मेजबान जापान, कोरिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश और श्रीलंका के साथ रखा गया है. भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 सितंबर को इंडोनेशिया के खिलाफ करेगा.



## महिला हॉकी टीम ने विश्व कप के लिए भरी उड़ान

### 15 से होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने टीम यूरोप रवाना

**नई दिल्ली, 29 जुलाई. भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में 15 से 30 अगस्त तक होने वाले एफआईएच विश्वकप में भाग लेने के लिए बुधवार सुबह यूरोप के लिए रवाना हो गई. टीम ने बेंगलुरु से मुंबई की यात्रा की और फिर फ्रैंकफर्ट, जर्मनी के लिए उड़ान भरी, जहाँ वह इस बड़े एफआईएच प्रतियोगता से पहले अपनी तैयारियों के आखिरी चरण को पूरा करेगी.**

फ्रैंकफर्ट में रहने के दौरान, भारतीय टीम 31 जुलाई और 1 अगस्त को जर्मनी के खिलाफ दो प्रैक्टिस मैच खेलेगी ताकि टीम के तालमेल को बेहतर बनाया जा सके और यूरोपीय परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाला जा सके.

ट्रेनिंग कैंप के बाद, टीम 2 अगस्त को एम्स्टर्डम के लिए रवाना होगी ताकि नीदरलैंड में वर्ल्ड कप की अपनी तैयारियों को जारी रख सके. नीदरलैंड के एमस्टेलवीन में 16 अगस्त को चीन के खिलाफ एफआईएच विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत करने से पहले टीम फ्रैंकफर्ट में जर्मनी के खिलाफ दो प्रैक्टिस मैच खेलेगी. भारतीय टीम चीन के बाद पूल डी में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेलेगी.

> टीम के रवाना होने से पहले कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, 'पूरी टीम आने वाली चुनौती के लिए तैयार है. हमारी ट्रेनिंग अच्छी रही है, और अब उस लय को प्रैक्टिस मैचों और फिर वर्ल्ड कप में भी बनाए रखना है. अपने पहले मैच में चीन का सामना करना एक अहम परीक्षा होगी, और हम टूर्नामेंट की शुरुआत सकारात्मक तरीके से करना चाहते हैं. एक टीम के तौर पर, हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

**रोमांचक जीत** ▶ द हंड्रेड महिला प्रतियोगिता में की शानदार बल्लेबाजी

## मंधाना के नाबाद 88 से सुपर जायंट्स विजयी




**नई दिल्ली, 29 जुलाई. द हंड्रेड महिला प्रतियोगिता के दसवें मुकाबले में भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मैनचेस्टर सुपर जायंट्स को चार विकेट से रोमांचक जीत दिला दी.**

सनराइजर्स लीड्स द्वारा दिए गए 143 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपर जायंट्स की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन बीच के ओवरों में टीम ने तेजी से विकेट गंवा दिए. ऐसे कठिन समय में मंधाना ने जिम्मेदारी संभाली और अंत तक नाबाद रहते हुए टीम को जीत दिलाई. मंधाना ने 50 गेंदों में नाबाद 88 रन बनाए, जिसमें सात चौके और चार शानदार छक्के शामिल रहे. उनकी पारी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने परिस्थितियों के अनुसार अपने खेल को ढाला.

शुरुआत में संयम दिखाने के बाद उन्होंने अंतिम ओवरों में आक्रामक अंदाज अपनाया.

जब टीम को अंतिम 25 गेंदों में 43 रन चाहिए थे, तब उन्होंने कैथरीन ब्राइस के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की और आखिरी क्षणों में लगातार दो छक्के लगाकर मुकाबला खत्म कर दिया.

> इससे पहले सुपर जायंट्स को कप्तान मेग लैनिंग ने 24 रन बनाकर अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन उनके आउट होने के बाद टीम लड़खड़ा गई. एक समय स्कोर एक विकेट पर 61 रन था, लेकिन देखते ही देखते चार विकेट गिर गए. भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष भी केवल चार रन बनाकर आउट हो गईं. दूसरी ओर सनराइजर्स की ओर से खेल रहीं भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए दो महत्वपूर्ण कैच लपके.